THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) to (c) Kendriya Vidyalaya Sangathan (HQs) does not keep record of the total number of applications/registrations for admission in various Kendriya Vidyalayas. However, the number of fresh admissions in Class-I during 1996-97 are being collected and will be placed on the table of the Sabha.

(d) and (e) In view of the large demand the Chairman, Kendriya Vidyalaya Sangathan decided to accord permission for admissions beyond 10% during the preceding year.

प्राथमिक कृषि बाज़ारों में सुविधाएं

1597. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय देश में कितने प्राथमिक बाज़ार हैं और उनमें से कितने बाज़ारों को पक्के मार्किट यार्डों की सुविधा प्राप्त हैं;

(ख) उन प्राथमिक बाज़ारों की संख्या कितनी हैं जिन्हें यह सुविधा प्राप्त नहीं हैं;

(ग) इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार शेष प्राथमिक कृषि बाज़ारों को मार्किट यार्ड की सुविधा देने के लिए क्या उपाय कर रही है?

कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र): (क) से (घ) कृषि बाज़ारों का विकास राज्यों का विषय है। कृषि उत्पाद-बाज़ारों में बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने का दायित्व राज्य सरकारों का है। तथापि, कृषि उत्पाद बाज़ारों के विकास की योजना के अंतर्गत बाज़ारों में बुनियादी सुविधाओं के लिए भारत सरकार 1992-93 तक राज्य सरकार को वित्तीय सहायता दे रही थी। इस योजना के अन्तर्गत 3658 बाज़ारों के विकास के लिए विभिन्न राज्य सरकारों को 9,329.70 लाख रुपए की राशि दी गई थी जिनमें 2799 प्राथमिक बाज़ार शामिल हैं। इस योजना के शुरू होने से अब तक केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों को दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिए) पर उपलब्ध है। राष्ट्रीय विकास परिषद के निर्णयानुसार इस योजना को 1992-93 से राज्य-क्षेत्र को हस्तांतरित कर दिया गया है। वर्तमान में, राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में प्राथमिक बाज़ारों और पक्का बाज़ार-यार्डों के विकास की कोई योजना नहीं है।

विवरण

(राशि लाख रु० में)

राज्य का नाम	मुख्य बाज़ार		ग्रामीण प्राथमिक बाज़ार		कुल बाज़ार	
	बाज़ारों की सं०	राशि	बाज़ारों की सं०	राशि	बाजारों की सं०	राशि
आन्ध्र प्रदेश	51	330.60	87	124.62	138	355.22
असम	6	39.00	11	21.50	19	60.50
बिहार	65	333.00	669	1183.50	734	1516.50
गुजरात	50	241.46	78	164.87	128	406.33
गोवा	1	3.00	4	4.00	5	7.00
हिमाचल प्रदेश	10	75.00	18	23.50	28	98.50
हरियाणा	55	273.00	139	221.00	194	494.00
कर्नाटक	93	468.73	115	240.21	208	716.94
मेघालय	2	40.00	0	0.00	2	40.00
महाराष्ट्र	140	710.80	225	371.41	365	1082.21
मध्य प्रदेश	98	482.00	350	525.00	448	1007.00
नागालैण्ड	0	0.00	15	55.00	15	55.00
उड़ीसा	27	108.85	210	510.94	237	619.79
पंजाब	35	202.00	234	358.50	269	560.50
पाण्डिचेरी	1	3.00	0	0.00	1	3.00
राजस्थान	99	520.36	312	475.55	411	995.91
तमिलनाडु	2	7.00	88	113.30	90	120.30
त्रिपुरा	12	55.93	135	201.50	147	257.43
उत्तर प्रदेश	96	680.10	79	156.97	175	837.07
पश्चिम बंगाल	14	53.00	30	43.50	44	96.50
कुल:	859	4526.83	2799	4802.87	3658	9329.70